# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , सोमवार,27 अप्रैल 2026


## सुविचार



मनुष्य को हमेशा एक विद्यार्थी बनकर रहना चाहिए और हमेशा सीखते रहना चाहिए। क्योंकि सीखना कभी खत्म नहीं होता।

- लता मंगेशकर

## बरेली के प्रमुख समाचार


- वर्दी की कसम: आज सिपाही, कल अफसर बनेंगे हम- II
- अप्रैल ने तोड़े गर्मी के बैरियर, जैसा दिन वैसी रात- III
- युवा वैज्ञानिकों के कंधों पर 2047 के भारत की जिम्मेदारी : रामलाल-IV


# एमबी के मैदान में रखे पाइपों में भीषण आग, काले धुएं से घिरा इलाका



मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के मैदान में रखे सीवरेज पाइपों में आग से उठतीं लपटें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मनोहर भूषण इंटर कालेज के मैदान में रखे सीवरेज पाइपों में शनिवार को भीषण आग लग गई। पाइप सीएम ग्रिड योजना में बिछाने के लिए भेजे थे और एजेंसी ने उसे खुले मैदान में छोड़ दिया था। भयानक आग से पूरे इलाके पर धुएं का गुबार छा गया। फायर बिग्रेड की कई गाड़ियां मशक्कत के बाद आग पर काबू पा सकीं। बड़ी संख्या में पाइप राख हो गए। पानी के पाइप भी आग की चपेट में आ गए।

एमबी कॉलेज में रखे पाइप स्टॉक में आग भड़की तो आसपास भगदड़ मच गई। नैनीताल रोड से गुजर रहे व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा ने तुरंत ही फायर ब्रिगेड को फोन कर हादसे की जानकारी दी। जब तक दकमलें मौके पर पहुंचीं, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थीं। हर तरफ आग की लपटें और धुएं का काला गुबार नजर आ रहा था। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। पुलिस और फायर बिग्रेड ने भीड़ को वहां से हटाकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। रबड़ व प्लास्टिक के पाइप स्टॉक में आग लगने से बुझाने में बहुत मुश्किल हुई। कड़ी मशक्कत आग पर काबू पा लिया गया। जेसीबी से आग की लपटों में घिरे पाइपों का हटाया गया, तब कहीं बाकी पाइप जलने से बच सके। सिविल डिफेंस की टीमें खतरा भांपकर ट्रैफिक डायवर्ट करने में जुटी रहीं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि हादसे का पता होते ही रेस्क्यू टीम ने आग बुझाई।

### अनहोनी की आशंका से रोका यातायात

एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में लगी आग की खबर कुछ ही मिनटों में वायरल हो गई। कई किलोमीटर दूर से काला धुंआ उड़ता दिख रहा था। बड़ हादसे की आशंका के चलते इलाके में यातायात रोक दिया गया।

### हादसे का पता होते ही मौके पर पहुंचे वन मंत्री

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार तुरंत पहुंच गए और अफसरों को रेस्क्यू में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने दमकल टीम का हौसला बढ़ाया। साथ ही जो लोग भीड़ का हिस्सा थे, उनको भी समझाकर वहां से हटने को कहा।

> सीएम ग्रिड के तहत बिछाई जा रही सीवर लाइन में इन पाइपों का उपयोग किया जा रहा है। पाइप सामान्य नहीं, उच्च क्विलिटी वाले हैं और इनमें आग इतनी जल्दी नहीं लगती है। ठेकेदार के साथ सोमवार को मौका मुआयना करेंगे। पाइप जलने से लाखों रुपये का नुकसान पहुंचा है। सीएम ग्रिड के काम में विलंब न हो, यह प्राथमिकता बनी रहेगी। -मनीष अवस्थी, चीफ इंजीनियर, निर्माण विभाग, नगर निगम

# संकट ऐसा आया.. गर्मी ने रुलाया, बिजली ने तड़पाया

## किला में दो ट्रांसफार्मर फुंके, आजमनगर में सुबह से दोपहर तक बिजली कटौती से मुसीबत, गुस्से में जनता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी में आसमान से आग बरस रही है। ऊपर से शहर से लेकर देहात तक में बिजली कटौती से उपभोक्ताओं में हाहाकार मच गया है। किला क्षेत्र में शनिवार की रात लोड अधिक होने से दो ट्रांसफार्मर फुंक गए जिससे रात भर कई इलाकों में बिजली का संकट बना रहा। इसके अलावा शहर के कई इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे। बिजली अपूर्ति से संबंधित शिकायतें विभागीय हेल्पडेस्क पर पहुंचती रहीं। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने सीबीगंज सबस्टेशन पर निरीक्षण किया।

किला सबस्टेशन के छोटी वमनपुरी और बारादरी मोहल्ला में शनिवार की रात दो ट्रांसफार्मर फुंकने से रात में बिजली का संकट रहा। रविवार की सुबह टीम ने ट्राली ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। हरूनगला सबस्टेशन के रामगंगानगर में लोकल फाल्ट के चलते रविवार को दो घंटे तक बिजली का संकट रहा। दुर्गानगर, राजेन्द्रनगर और सुभाषनगर सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में एक फेस नहीं आने की समस्या रही। महानगर सबस्टेशन के उत्सव महानगर में भी रविवार की दोपहर से लेकर 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्वालेनगर में दोपहर 3 से लेकर शाम 6 बजे तक बिजली का संकट बना रहा। सनसिटी सबस्टेशन पर नए ट्रांसफार्मर पर काम कराने के चलते शटडाउन होने से बिजली आपूर्ति बाधित रही। शनिवार की रात और रविवार को भी पीलीभीत बाईपास के पवन विहार में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। सनसिटी सबस्टेशन के पीरबहोड़ा फीडर पर रविवार की दोपहर रोड चौड़ीकरण के चलते जेसीबी ने पोल में टक्कर मार दी। आजमनगर निवासी अधिवक्ता खालिद जिलानी ने बताया कि सुबह से दोपहर तक क्षेत्र में बिजली का संकट बना रहा। मध्यांचल मुख्यालय में शिकायत करने के बाद दोपहर 2 बजे बिजली बहाल हो सकी। इसके अलावा डेलापीर, शाहदाना, परसाखेड़ा और सदर कैंट सबस्टेशन पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग से उपभोक्ता परेशान होते रहे।



निरीक्षण करते मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश।

### निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य अभियंता

रविवार को बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश सीबीगंज और परसाखेड़ा सबस्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने बिजली आपूर्ति से संबंधित रजिस्टर देखा। मुख्य अभियंता ने निर्देश दिए कि आपूर्ति से संबंधित शिकायत पर तत्काल कर्मचारियों को भेजकर उसका समाधान कराया जाए।

### डीडीपुरम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में आज पांच घंटे गुल रहेगी बिजली

33 केवी लाइन पर काम कराने के चलते आज डीडीपुरम सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में पांच घंटे बिजली गुल रहेगी। 33 केवी के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह ने बताया कि बिजनेस प्लान के चलते सोमवार को डीडीपुरम की 33 केवी लाइन पर रिकंडक्टरिंग का काम कराया जाएगा। जिसके चलते 33 केवी डीडीपुरम से संबंधित क्षेत्र संजयनगर, माडल टाउन, ब्रहम्पुरा, कृतिनगर के साथ कंपनी गार्डन से संबंधित क्षेत्र कैलाश टावर, पुराना आरटीओ कार्यालय, काशीनाथ कोठी, पुराने बिजली घर के पास गली में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक का शटडाउन रहेगा।

> गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति देने के लिए लगातार सबस्टेशनों पर निरीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों को पीक समय में सबस्टेशन पर तैनात किया गया है जिससे फाल्ट होने पर उसे तुरंत ठीक कराकर आपूर्ति को बहाल कराया जा सके। - ज्ञान प्रकाश, मुख्य अभियंता

## रात में सबस्टेशन पर तैनात रहेंगे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की फटकार के बाद टूटी बिजली अधिकारियों की नींद

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएम की फटकार के बाद बिजली विभाग के अधिकारी नींद से जागे हैं। बिजली संकट से निपटने के लिए अब रात में पीक समय में शहर के सभी सबस्टेशन पर अधिकारियों को तैनात किया गया है। वे शाम 6 से रात 9 बजे तक सबस्टेशन पर रहकर बिजली आपूर्ति सामान्य बनाए रखेंगे। इसके लिए मुख्य अभियंता ने आदेश जारी किया है।

24 अप्रैल को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बिजली संकट को लेकर अधिकारियों को कसा था। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि गर्मी में तापमान अधिक होने से बिजली खपत बढ़ रही है जिसके कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। मुख्य अभियंता ने शहर के सभी सबस्टेशन पर शाम 6 से लेकर रात 9 बजे तक पीक समय में अधिकारियों की तैनाती का आदेश दिया है। सिविल लाइंस प्रथम, सदर कैंट और मिशन कंपाउंड सबस्टेशन पर शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह, एसडीओ संजीव कुमार गुप्ता तैनात रहेंगे। सिविल लाइंस-2, 3, रामपुर गार्डन सबस्टेशन पर अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेन्द्र सिंह, एसडीओ अमित कुमार श्रीवास्तव रहेंगे। जगतपुर, हरुनगला, पवन विहार सबस्टेशन पर अधीक्षण अभियंता विवके कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता अरुण कुमार, एसडीओ रविन्द्र कुमार को तैनात किया गया है। इसके अलावा डीडीपुरम, राजेन्द्रनगर, डेलापीर और इज्जतनगर सबस्टेशन पर अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार, सुरेश चंद्र और एसडीओ विक्रांत सैनी की तैनाती होगी। कुतुबखाना, कोहाड़ापीर, शाहदाना सबस्टेशन पर अधिशासी अभियंता रामलाल, एसडीओ हरि लाल सरोज को तैनात किया है। महानगर, सनसिटी, दुर्गानगर सबस्टेशन पर अधिशासी अभियंता अंकित गंगवार, एसडीओ परविन्द कुमार रहेंगे। सुभाषनगर और मढ़ीनाथ सबस्टेशन पर अधिशासी अभियंता राम नरेश ओर एसडीओ रवेन्द्र कुमार को लगाया गया है। किला, परसाखेड़ा, सीबीगंज, लोहिया विहार सबस्टेशन पर अधिशासी अभियंता हरीश कुमार और एसडीओ रोहित कुमार की तैनाती की है।



विभाग की तरफ से सर्दी में काम कराकर कहा गया था कि गर्मी में बेहतर बिजली मिलेगी। लेकिन अब गर्मी शुरु होते ही बिजली कटौती का क्रम जारी हो गया है। जिससे बिना बिजली के गर्मी में परेशानी होती है। **-महफूज हुसैन**, ब्रह्मपुरा



इस भीषण गर्मी में हमारे यहां बिजली की बड़ी समस्या है। दिन में बिजली कटौती से गर्मी बहुत महसूस हों रही है। शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। **-रेहान खान**, फरीदापुर चौधरी



ट्रिपिंग और लोकल फाल्ट की समस्या बढ़ गई है। रात में सबस्टेशन के कर्मचारी फोन नहीं उठाते है। जबकि सुभाषनगर में दूसरा सबस्टेशन बनाया गया है। उसके बाद भी राहत नहीं मिल पा रही है। **-निखिल गुप्ता**, बदायूं रोड बीडीए कॉलोनी

## गंगा एक्सप्रेस-वे कार्यक्रम में बसें जाने के बाद बढ़ेंगे फेरे

- बरेली रीजन में 735 बसों में से 400 बसों को भेजा जाएगा कार्यक्रम में
- बसों की कमी होने पर यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

**बरेली, अमृत विचार:** गंगा एक्सप्रेस-वे के हरदोई में होने वाले लोकार्पण कार्यक्रम में शासन के निर्देश पर बरेली रीजन से 400 बसों को भेजा जाएगा। ऐसे में रीजन में बसों की कमी होने पर यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो तो इसके लिए जो बसे बचेंगी उनके फेरे डबल किए जाएंगे। वहीं जो बस कोई खराबी की वजह से वर्कशाप में खड़ीं हैं तो उन्हें भी ऑन रोड किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बरेली रीजन के बरेली, रोहिलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो में निगम और अनुबंधित की कुल 735 बसे हैं। जिसमें 29 अप्रैल को हरदोई में होने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कार्यक्रम में 400 बसों से लोगों को भेजा जा रहा है। जबकि मुरादाबाद पीएसी में भी बरेली और रोहिलखंड डिपो की 25 बसों को भेजा गया है। एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि कार्यक्रम में बसें जाने के बाद लोगों को दिक्कत तो आएगी ही, इसके लिए जो बसें रह गई हैं, उनके फेरे दोगुने किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को दिक्कत न हो इसकी व्यवस्था की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बीसीए के मैच 28 अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से बरेली मंडल अंडर-16 मैचों का आयोजन निशांत पटेल स्टेडियम में होगा। बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि 28 अप्रैल को शाहजहांपुर और बदायूं का मैच, 29 अप्रैल को बरेली और पीलीभीत का मैच, 30 अप्रैल को दोनों हारी हुई टीमों के मैच तथा 1 मई को दोनों विजेताओं टीमों के मैचों का आयोजन होगा। इन्हीं मैचों से मंडल की टीम का भी चयन होगा। चयनित टीम अंतर मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

### उत्कृष्ट ग्रामोद्योग इकाइयों को मिलेगा पुरस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्रामोद्योग इकाइयों को पुरस्कृत करने के लिए आवेदन मांगे हैं। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 2022-23 या उससे पूर्व स्थापित ऐसी इकाइयां, जो पिछले तीन वर्षों से निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, इस योजना के पात्र हैं। इच्छुक उद्यमी निवेश, उत्पादन, बिक्री और रोजगार सृजन के आंकड़ों के साथ अपना आवेदन 15 मई की शाम पांच बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। चयन समिति की ओर से मंडल स्तर पर चुने गए प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के उद्यमियों को 15, 12 और 10 हजार की नकद धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।


### प्रतिभाशाली छात्राओं को किया पुरस्कृत

**बरेली, अमृत विचार :** साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विभिन्न शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता के लिए छात्राओं को प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रोफेसर अनुपमा मेहरोत्रा, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ राधा यादव, महिमा यादव एवं डॉ दिव्या यादव का योगदान रहा।

## शहर में आज

- तीसरे दिन होमगार्ड भर्ती परीक्षा सुबह 9 से 12 और दोपहर 2 बजे से पांच बजे तक होगी।
- श्री वीरेन्द्र सिंह मेमोरियल बालीवाल टूर्नामेंट के फाइनल मैच सेक्रेड हार्ट्स स्कूल में सुबह 8 बजे से

## रुक गया समय



चेन्नई की कंपनी द्वारा घंटाघर पर लगाई घड़ी फिर खराब हो गई है। मार्च 2025 में 25 लाख से मरम्मत की गई थी, सुइयां एक बार फिर रूक गई हैं। ● फोटो : हरदीप सिंह टोनी

# 40 मिनट अटकी रही अवध असम, यात्री गुस्साए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



प्लेटफार्म पर ट्रेनों का इंतजार करते बड़ी संख्या में यात्री। ● अमृत विचार

- पीतांबरपुर से टिसुआ के बीच ब्लॉक के कारण रोकी गई अवध असम एक्सप्रेस
- 2 घंटा से ज्यादा देरी से पहुंची, फिर 40 मिनट रोकने के बाद किया रवाना

**अमृत विचार :** आसमान से बरसती आग के साथ ट्रेनों की सुस्त चाल ने यात्रियों का पसीना निकालना शुरू कर दिया है। वहीं रेल प्रशासन की तरफ से लिए जाने वाले ब्लॉक यात्रियों के सब्र का इम्तिहान ले रहे हैं। रविवार दोपहर बरेली जंक्शन पर अवध असम एक्सप्रेस ने पसीना छुड़ा दिया। जंक्शन पर लेट पहुंची ट्रेन को करीब 40 मिनट रोकने के बाद रवाना किया गया।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार मुरादाबाद-लखनऊ रेल मार्ग पर अलग-अलग सेक्शनों में रविवार को ब्लॉक लिए गए थे जिसकी वजह से ट्रेनों को रोक-रोक कर चलाया जा रहा था। 15910 अवध असम एक्सप्रेस के इंतजार में प्लेटफार्म पर खड़े यात्रियों की गर्मी में हालत खराब हो गई। निर्धारित समय से दो घंटा ज्यादा देरी से ट्रेन जंक्शन पर पहुंची मगर दिक्कत उस वक्त खड़ी हो गई जब 40 मिनट तक ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ा कर दिया गया। गर्मी की वजह से ट्रेन में बैठे यात्रियों को सांस लेना तक मुश्किल हो गया। खास तौर से जनरल और स्लीपर कोच मे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। करीब 40 मिनट के बाद ट्रेन को दोपहर तीन बजे रवाना किया गया। रेल अधिकारियों के अनुसार पीतांबरपुर से टिसुआ के बीच ब्लॉक की वजह से ट्रेन को रोका गया था। यूपी होमगार्ड के परीक्षार्थियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### समर स्पेशल ट्रेनों ने कराया इंतजार

सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना यात्रियों को समर स्पेशल ट्रेनों में करना पड़ रहा है। नियमित ट्रेनों से अतिरिक्त किराया देने के बावजूद इन स्पेशल ट्रेनों की हालत सुधरने का नाम नहीं ले रही। 05102 नई दिल्ली गोरखपुर समर स्पेशल 6 घंटा से ज्यादा लेट चल रही थी। 04009 सीतामढ़ी जंक्शन-दिल्ली समर स्पेशल 7 घंटा 35 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा भी काफी संख्या में नियमित ट्रेनें भी लेट चल रहीं थी।



ट्रेन आते ही चढ़ने के लिए युवाओं ने लगा दी दौड़। ● अमृत विचार

### रेलवे ने चलाईं परीक्षा स्पेशल ट्रेनें

यूपी होमगार्ड परीक्षा को देखते हुए रेल प्रशासन की तरफ से परीक्षा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें रविवार को 04351 लखनऊ-मुरादाबाद 00 : 52 बजे, 04352 मुरादाबाद-लखनऊ 14 :55 बजे, 04354 मुरादाबाद-लखनऊ 19 :30 बजे बरेली जंक्शन से रवाना की गई। ये ट्रेनें इसी समय पर सोमवार को भी जंक्शन से रवाना होंगी। इसके अलावा 04353 लखनऊ-मुरादाबाद सोमवार और मंगलवार को 05 :57 बजे बरेली जंक्शन से रवाना होगी।

# शादियों की वजह से पीलीभीत रोड पर लंबा जाम

कार्यालय संवाददाता बरेली



पीलीभीत रोड पर बरातों के चलते लगा जाम। ● अमृत विचार

- बरात घरों के आसपास रात में बिगड़े हालात, सड़क किनारे वाहन खड़े करने से लगा जाम

**अमृत विचचार :** शादी समारोहों के चलते रविवार रात पीलीभीत बाईपास पर भीषण जाम लगा रहा। सुरेश शर्मा और संजय नगर तिराहे पर बारात घरों के बाहर सड़कों पर वाहन खड़े कर दिए जाने से हालात खराब हो गए हैं और ट्रैफिक व्यवस्था पटरी से उतर गई। देर शाम से शुरू हुआ जाम आधी रात तक मुश्किल का कारण बना रहा। वाहन रेंगते नजर आए।

बारातों और समारोहों के कारण सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों ने स्थिति को और खराब कर दिया। सुरेश शर्मा नगर चौराहे पर चारों ओर से आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। 100 फीटा चौराहे पर करीब 500 मीटर तक जाम लगा रहा, जिससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

उधर, यूनिवर्सिटी के आसपास भी रात में ट्रैफिक की रफ्तार थम गई। छात्रों और अन्य लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई, जबकि कई लोग जाम से बचने के लिए पैदल ही निकलते दिखे। चौपुला पुल पर भी हालात सामान्य नहीं रहे और वाहन चालकों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ा।

ट्रैफिक पुलिस मौके पर मौजूद रही, लेकिन बढ़ते दबाव के कारण जाम पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सका। पुलिसकर्मी लगातार वाहनों को निकालने में जुटे रहे, फिर भी व्यवस्था नाकाफी साबित हुई।



पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड के दौरान सलामी देती महिला सिपाही।



कड़े प्रशिक्षण के बाद सिपाही बनी बेटियों ने पासिंग आउट परेड में गजब का जोश दिखाया। ● अमृत विचार



एडीजी जोन रमित शर्मा से प्रतीत चिन्ह सौंपते एसएसपी अनुराग आर्या ● अमृत विचार

# वर्दी की कसम: आज सिपाही, कल अफसर बनेंगे हम

## कठिन प्रशिक्षण के बाद पुलिस में शामिल हुईं 783 महिला आरक्षी, पुलिस लाइन में पासिंग आउट परेड में दिखाया दमखम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**बरेली, अमृत विचार :** किरण बेदी के साथ यूपी पुलिस में लेडी सिंघम की पहचान रखने वालीं तेजतर्रार आईपीएस अंशिका वर्मा जैसी महिला अफसरों को रॉल मॉडल मानकर 783और बेटियां वर्दी की आन, बान और शान बढ़ाती नजर आएंगी। रिजर्व पुलिस लाइन बरेली में शनिवार को पासिंग आउट परेड में इन महिला सिपाहियों ने जोश और जज्बा देखते ही बना। बावर्दी बेटियों ने शानदार मार्चपास्ट कर सबको प्रभावित किया। लाड़लियों के शरीर पर खाकी के रंग देखकर समारोह में मौजूद सबके अपनों की आंखों से खुशी के आंसू छलकते दिखे। एडीजी जोन रमित शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि हर सिपाही के जीवन में यह सबसे अहम और यादगार पल होता है। महिला सिपाहियों के लिए यह नई जिम्मेदारी की शुरुआत की है। भावुक और गर्व का क्षण है, जिसे हर जवान जिंदगी भर सहेजकर रखता है।

कई महीने की कठिन ट्रेनिंग के बाद पास आउट हुई पासिंग आउट परेड में महिला सिपाहियों ने हथियार संचालन, दंगा नियंत्रण और फील्ड क्राफ्ट का प्रदर्शन यूपी की नवशक्ति का अहसास कराया। एसएसपी अनुराग आर्या, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा ने नई महिला कांस्टेबलों को ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवा का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में मौजूद महिला पुलिसकर्मियों के परिवारों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अब ये सभी महिला कांस्टेबल प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैनाती पाकर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगी। एडीजी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस को ऐसी ही प्रशिक्षित और समर्पित महिला जवानों की सख्त जरूरत है, जो समाज में सुरक्षा व विश्वास का माहौल सशक्त करने का काम करें।



पासिंग आउट परेड के यादगार लम्हे मोबाइल में कैद करतीं सिपाही। ● अमृत विचार

- ● कांस्टेबल बनीं बेटियों ने परेड में दिखाए जोश-जज्बे के रंग
- ● एडीजी बोले, हर सिपाही के जीवन का यह सबसे यादगार पल



खुशी में बेटी ने मां को पगड़ी पहनाई।



परिवार के साथ सेल्फी लेतीं महिला सिपाही।

### बेटियां बोलीं: खाकी के फर्ज निभाएंगे, साथ में पढ़ते भी जाएंगे

अलीगढ़ की रहने वाली प्रतिमा पाठक ने बताया कि वह पुलिस में सिपाही तो बन गई है लेकिन उनका सपना यूपीएससी से पुलिस में अफसर बनने का है। वह ड्यूटी के साथ अपनी पढ़ाई भी करेंगी और एक दिन अफसर भी बनकर दिखाएगी। वहीं कानपुर की रहने वाली प्रियंका पाल ने बताया कि वह भी पुलिस में अफसर बनेगी। इसके लिए वह यूपीएससी की तैयारी भी कर रही है। वहीं छवि पवार ने बताया की आज उनके पिता का सपना सच हुआ है। परिवार को उनसे बहुत उम्मीदें है। वह भी पुलिस में अफसर बनना चाहती है। वह भी यूपीएसपी परीक्षा की तैयारी करेगी। अलीगढ़ की रहने वाली निशा भारती ने बताया पुलिस अफसर बनने का बड़ा सपना था, पर माता-पिता ने समझाया कि छोटे से ही बड़े अफसर बनते हैं आज सिपाही बनी हो कल अफसर भी बनोगे परिवार में खुशी का माहौल है और मन बड़ा प्रसन्न है। औरैया की रहने वाली सुप्रिया सहगल ने बताया कि ग्रेजुएशन कर चुकी हैं और मिडिल परिवार से आती है। पुलिस की नौकरी मिलने के बाद खुशी महसूस हो रही है। घर में और गांव में काफी खुशी का माहौल है। हर कोई वीडियो कॉलिंग कर बधाई दे रहा है।

# मीशो कस्टमर केयर बनकर 6 लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार:** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने मीशो कस्टमर केयर के नाम पर एक महिला को झांसे में लेकर उसके बैंक खाते से 6 लाख रुपये उड़ा लिए। थाना साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कर्मचारी नगर निवासी मंजू कुमार पत्नी प्रकाश कुमार ने बताया कि 19 अप्रैल को उनका एक पार्सल आने वाला था, जो नहीं पहुंचा। गूगल पर मीशो कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया, जहां उन्हें एक मोबाइल नंबर मिला। उस नंबर पर कॉल किया तो सामने वाले व्यक्ति ने खुद को मीशो का कस्टमर केयर अधिकारी बताकर कुछ निर्देश देते हुए एक लिंक भेजा। 20 अप्रैल की सुबह करीब 9 बजे जैसे ही मंजू ने लिंक पर क्लिक किया, उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से कुल 6 लाख रुपये निकाल लिए गए। घटना के बाद पीड़िता ने ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बहेड़ी के फौजी की भटिंडा में मौत, गांव में गम का माहौल

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के गांव गोरीखेड़ा निवासी फौजी मनदीप सिंह की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। वह भटिंडा में तैनात था, जहां उसको दिल का दौरा पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। फौजी का शव सोमवार की सुबह तक गांव पहुँचने की उम्मीद है।

गांव गौरीखेड़ा निवासी 34 वर्षीय मनदीप सिंह भटिंडा (पंजाब )में 71 इंजीनियर हवलदार के पद पर तैनात थे। रविवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे उसको हार्ट अटैक पड़ गया। जिसके बाद उनको अस्पताल ले जाया गया,जहां उनको बचाया नहीं जा सका । सूचना मिलते ही परिजन यहां से भटिंडा के लिए रवाना हो गए। पोस्टमार्टम के बाद वहां आर्मी अफसरों ने उनसे गॉड ऑफ ऑनर दिया, और उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया । परिजन शव लेकर भटिंडा से बहेड़ी के लिए रवाना हो गए।

# बरेली पुलिस का बढ़ा कुनबा 1387 जवान बढ़ाएंगे पॉवर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ● जिले के हर थाने में बढ़ेंगे सिपाही, 293 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल
- ● मुरादबाद से आए 1100 पुरुष सिपाही, थानों और चौकियों में हो रही तैनाती

**अमृत विचार :** जिले की पुलिस व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। कुल 1387 नए पुलिसकर्मी जिले में भेजे गए हैं, जिनमें 293 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। इनकी तैनाती से जिले के सभी थानों और पुलिस चौकियों में पुलिस बल की संख्या बढ़ जाएगी।

इनमें से 1100 पुरुष सिपाही मुरादाबाद से ट्रेनिंग करके बरेली पहुंचे हैं। बाकी महिला पुलिसकर्मी ट्रेनिग कर पास आउट हुई हैं। नए पुलिसकर्मियों की आमद के बाद पुलिस विभाग में लंबे समय से चली आ रही स्टाफ की कमी काफी हद तक दूर होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पुलिस प्रशासन द्वारा इन सभी नवागत सिपाहियों की थानों और चौकियों में तैनाती की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिकता के आधार पर संवेदनशील थानों में अतिरिक्त बल लगाया जा रहा है, ताकि कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जा सके।

महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती से महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में भी तेजी और संवेदनशीलता आने की उम्मीद है। विशेष रूप से महिला हेल्प डेस्क और एंटी-रोमियो स्क्वॉड जैसी इकाइयों को इससे मजबूती मिलेगी। बता दें कि थाने-चौकियों में सिपाहियों की कमी को पूरा करने के लिए अफसरों के स्तर से लगातार प्रयास किए जा रहे थे।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा में बीएड धारक भी नजर आए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होमगार्ड परीक्षा के दूसरे दिन भी केन्द्रों पर युवाओं का सैलाब उमड़ी। तमाम परीक्षार्थी गैर हाजिर

की पढ़ाई के बाद शिक्षक बनने का सपना देखने वाले युवा भी होमगार्ड की लाइन में लगे नजर आ रहे हैं। भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी बेहद पढ़े लिखे नौजवान पेपर देने बरेली पहुंचे। कई ने कहा कि होमगार्ड बने तो ड्यूटी करने के साथ पढ़ते रहेंगे और आगे के अवसर तलाशते रहेंगे।

बरेली कॉलेज केन्द्र पर परीक्षा देने आए हरदोई के रहने वाले सुमित वर्मा ने बताया कि उन्होंने बीएड किया है। लंबे समय से शिक्षक भर्ती न निकलने या चयन न हो पाने के कारण वे बेरोजगार हैं। होमगार्ड जैसी सेवाओं में शामिल होना उनकी मजबूरी बन गई है। पीलीभीत निवासी अमित पांडेय भी बीएड हैं। उन्होंने बताया कि सोचा था स्कूल में बच्चों को पढ़ाएंगे, लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि कोई भी नौकरी मिल जाए, वही बेहतर है। व्यापार करने के लिए धन नहीं है। इसलिए करनी तो नौकरी ही है। पीलीभीत की ममता शाह ने बताया कि वह बीए पास हैं। होमगार्ड कई नौकरियों से अच्छी है। तैयारी भी की है। मेरा पेपर भी अच्छा हुआ है। नौकरी छोटी बड़ी नहीं होती। अब सब तो अफसर नहीं बन सकते।



होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर बरेली कॉलेज केन्द्र से बाहर आते बड़ी संख्या में अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

- ● होमगार्ड भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन भी उमड़े कई जिलों के नौजवान

### बाइक हादसे में खीरी का अभ्यर्थी घायल

**फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार :** होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर नई बाइक से गोला जा रहा युवक टिसुआ चौराहे पर दुर्घटना में घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक सौरभ की मोटरसाइकिल का संतुलन बिगड़ गया और वह डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि सौरभ को गहरी चोटें आईं। हादसे में उसके हाथ और पैर की हड्डियां टूट गईं, जबकि सिर पर भी गंभीर चोट लगी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए बरेली भेजा गया। सौरभ नई बाइक से सफर कर रहा था जिस पर अभी नंबर प्लेट नहीं लगी थी। उसने खुद को गोला निवासी अभय सिंह का पुत्र बताया है।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, चार लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ● बिलवा के पास बैंड बजा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा

**अमृत विचार :** सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए।

पहला हादसा भोजीपुरा के बिलवा के पास हुआ। शीशगढ़ निवासी मनीष बैंड बजा रहा था। ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य लोग घायल हो गए। अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कड़े राम ने बताया कि उनका बेटा मनीष बैंड बजाकर परिवार चलाता था। दूसरे हादसे में बिथरी क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी हरेंद्र की डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई। वह किच्छा की फैक्ट्री से चोकर लेकर लाला बाबू के साथ बाइक से घर लौट रहा था। देवरनिया के पास डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में हरेंद्र की जान चली गई, जबकि लाला बाबू गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बहन को अफसर बताकर लाखों ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ● पीड़ितों की शिकायत पर आरोपी युवती के खिलाफ केस दर्ज

**अमृत विचार :** थाना बारादरी पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों की ठगी के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फाइक एनक्लेव की रहने वाली प्रीति लायल ने पुलिस से मामले की शिकायत की थी। प्रीति ने पुलिस को बताया कि 2022 में उसकी मुलाकात ग्रीन पार्क निवासी शिखा पाठक से हुई थी। शिखा ने अपनी बहन डॉ. विप्रा शर्मा को एसडीएम पद पर तैनात बताया था। शिखा ने कहा था कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्तियां निकली हैं और और वह पैसे लेकर नियुक्ति करवा सकती है। प्रीति ने अपने परिचित आदिल खान, संतोष कुमार और अन्य लोगों को भी इसकी जानकारी दी। इसके बाद सभी लोग आरोपी के घर पहुंचे, जहां उनसे नौकरी लगवाने के नाम पर मोटी रकम की मांग की गई। आरोप है कि प्रीति ने दो लाख रुपये, आदिल खान ने 1.80 लाख, संतोष कुमार ने 2 लाख रुपये बैंक खाते में जमा किए, जबकि मुशाहिद अली ने 5.21 हजार रुपये नकद दिए थे।

कुछ समय बाद आरोपियों ने फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार कर डाक, व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए भेज दिए। दस्तावेजों पर उच्च अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर भी किए गए थे। शक होने पर पीड़ित लखनऊ स्थित संबंधित कार्यालय पहुंचे, जहां जांच में सभी नियुक्ति पत्र फर्जी पाए गए। पीड़ितों का आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करने लगे। इंस्पेक्टर बारादरी ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया जांच में आरोप सिद्ध होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पहचान बदल होमगार्ड परीक्षा दे रहा 'मुन्नाभाई' गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ● एक दिन पहले दी थी परीक्षा, अगले दिन दूसरे सेंटर पर पेपर देने पहुंचा गया
- ● हरदोई निवासी अनुराग का खुला भेद, केस दर्ज कर पुलिस ने कसा कानूनी शिकंजा

**अमृत विचार :** होमगार्ड परीक्षा-2025 के दौरान फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी को पहचान बदलकर परीक्षा देते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी एक ही आधार कार्ड पर दो अलग-अलग रजिस्ट्रेशन कराकर दूसरी बार पेपर में बैठा था।

पुलिस के मुताबिक, रविवार को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान एक संदेह के दायरे में आए का बायोमेट्रिक के साथ आधार नंबर मिलान किया गया तो भेद खुल गया। जांच में उसकी पहचान अनुराग पुत्र राज बहादुर निवासी हरिहरपुर, थाना टड़ियावां, हरदोई के रूप में हुई। आरोपी ने 25 अप्रैल को दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज, रिठौरा केंद्र पर धर्मेंद्र सिंह के नाम से परीक्षा दी थी।

नाम बदलकर वह परीक्षा अनुचित लाभ लेने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार कर लिया है। केंद्र प्रभारी की तहरीर पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर उसे पुलिस ने जेल भेज दिया। युवक की गिरफ्तारी के बाद प्रशासन ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सतर्कता और बढ़ा दी है,ताकि इस तरह की गड़बड़ियों को समय रहते रोका जा सके।



पकड़ा गया आरोपी।

> एक ही आधार कार्ड पर नाम बदलकर युवक दूसरी बार परीक्षा दे रहा था। चेकिंग के दौरान वह पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।
> –मानुष परीक, एसपी सिटी

# घराती-बराती लड़ते रहे,पिया संग ससुराल पहुंची दुल्हन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ● रात में बराती और घरातियों में हुआ था जमकर झगड़ा
- ● बिन फेरे के दुल्हन बाइक से पति के साथ चली गई ससुराल

**अमृत विचार :** पलकें बिछाए बरात का इंतजार कर रही दुल्हन के परिवार और दूल्हे के परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। नशे में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ गाली गलौज करते हुए जमकर मारपीट की। इसी बीच दुल्हन बाहर आई और होने वाली पति की बाइक पर बैठकर बिना फेरे लिए ससुराल चली गई। इसके बाद सारा झगड़ा शांत हो गया।

शनिवार की रात रुहेलखंड चौकी क्षेत्र में एक बरात आई थी। शादी समारोह के दौरान देर रात किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। दोनों ओर के कुछ लोगों ने शराब का सेवन कर रखा था, जिससे विवाद और बढ़ गया। मामूली नोकझोंक कुछ ही देर में बड़े झगड़े में बदल गई और लाठी-डंडे चलने लगे। दो घंटे तक विवाद चलता रहा। बरात वापसी की बात होने लगी। इसी बीच दुल्हन ने अप्रत्याशित फैसला कर लिया। वह बिना फेरे, बिना किसी रस्म के होने वाले पति के साथ उसकी बाइक पर बैठकर ससुराल के लिए निकल गई। दोनों पक्षों को जानकारी हुई तो झगड़ा बंद हो गया। आस-पास के लोग समझ ही नहीं पाए कि क्या हुआ। मोहल्ले में ये शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। जिसमें दुल्हन ने न फेरे लिए और न ही कोई रस्म निभाई और ससुराल पहुंच गई।



# घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़


**सीबीगंज, अमृत विचार :** गांव हमीरपुर की महिला के मुताबिक रात वह घर में अकेली थी। पति हिमाचल में मजदूर है। पड़ोस का युवक घर में घुस गया और बुरी नीयत से उसे दबोच लिया। विरोध पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी। शोर पर लोग एकत्र हो पुलिस बुला ली। टीम आरोपी को पकड़ कर थाने ले गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★ पतले-दुबले
★ गाल पिचके
★ कमजोर स्त्री-पुरुष
★ मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

## सिटी ब्रीफ

### वीडियो बनाने के शक में युवक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर थाना क्षेत्र में वीडियो बनाने के शक में एक युवक के साथ मारपीट की गई। सुभाषनगर निवासी मुकेश कुमार 24 अप्रैल की रात करीब 10 :30 बजे घर की छत पर खड़े होकर मोबाइल चला रहा था। इसी दौरान उसने नीचे कुछ लोगों को आपस में झगड़ा करते देखा। उन लोगों ने मुकेश पर वीडियो बनाने का शक जताते हुए नीचे बुलाया। इसके बाद आरोपी राम, सोरभ, देसराज, विजय और जौली डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में मुकेश समेत परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर सुभाषनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

भारतीय फोटोग्राफी के शिखर पुरुष रघु राय के निधन पर छायाकारों ने जताया गहरा दुख, नाम ही था उनके फन की पहचान

# देखे नहीं पढ़े जाते हैं फोटो...रघु राय ने कैमरे की जुबां से सिखाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** ज्यादा रघु राय मत बनो... यह महज एक जुमला नहीं था, बल्कि भारतीय फोटोग्राफी के उस शिखर पुरुष के प्रति आम आदमी का अनचाहा सम्मान था। उनका नाम ही इस फन की पहचान बन गया था। मशहूर फोटोग्राफर रघु राय के निधन की खबर से फोटोग्राफी जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। रघु राय को करीब से जानने-समझने वाले वरिष्ठ पत्रकार और छायाकारों ने अपने शब्दों में उनको याद किया है और उनके जाने को फोटोग्राफी जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया है।


### हम सबका इंप्रेशन एक होता था... सिर्फ रघु राय

वरिष्ठ पत्रकार प्रभात सिंह ने 'अमृत विचार' से बातचीत में कहा कि अगर आप कैमरे वाले हैं, तो आपको उनसे मिलना ही चाहिए था। रघु राय के बड़े भाई भी फोटोग्राफर थे, जो खुद भी बहुत खूबसूरत काम कर रहे थे। लेकिन रघु राय का मतलब रघु राय थे। जिस दौर में हम लोग कैमरा लेकर काम करने आए थे, तब हर आदमी का इंप्रेशन एक ही होता था रघु राय। उस दौर में उनके साथ बहुत सारे लोग अच्छा काम कर रहे थे। लेकिन अपने डेडीकेशन ने उनको जो फेम दिया था, वो फेम भी लोगों को प्रभावित करता था। वर्ष 1986 में उनकी किताब ताजमहल आई। किताब की कीमत थी 800 रुपये और तब हम अखबार में पगार 700 रुपए पा रहे थे। घर से पैसे लेकर किताब ली थी। पब्लिक सिनेमाई कलाकारों से प्रभावित होती रही मगर कैमरे वालों की पंसद रघु राय ही होते थे।



### मानवीय संवेदनाओं के दुर्लभ दस्तावेजकार

वरिष्ठ छायाकार अतुल हुंडू ने कहा कि रघु राय मानवीय संवेदनाओं के दुर्लभ दस्तावेज़कार थे। एक फोटोग्राफर के रूप में उन्होंने मेरे दृष्टिकोण और सोच को गहराई से प्रभावित किया। उनकी तस्वीरों में केवल दृश्य नहीं, बल्कि समय, इतिहास और मानव जीवन की जटिल परतें जीवित दिखाई देती हैं। उनसे कई बार मिला। उनके व्याख्यान व कार्यशाला में भाग लिया। महाकुंभ में उन्हें कार्य करते हुए देखना अत्यंत प्रेरणादायक था। करोड़ों लोगों की भीड़, शोर और निरंतर गतिशीलता के बीच उनका शांत होकर क्षणों को देखना और उन्हें कैमरे में उतारना अद्भुत था। वे अक्सर कहते थे कि फोटोग्राफी केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि जीवन की धड़कनों को महसूस करने की कला है। मेरे निजी संग्रह में उनकी कुछ पुस्तकें भी हैं, जिन्हें मैं समय-समय पर देखता और पढ़ता हूं।



### फोटो तो वही जिसे देखते ही मुंह से वाह-वाह निकले

वरिष्ठ छायाकार पंकज शर्मा ने कहा कि रघु राय फोटोग्राफी को अपना जीवन बनाकर जी रहे थे। इसका प्रमाण उनकी तस्वीरों में भी साफ तौर पर देखा जा सकता था। कई बार हम उनके साथ एक ही लोकेशन पर फोटो ले रहे होते थे। लेकिन वो ऐसा फोटो अलग एंगल से खींच लेते थे, जिसको सब देखते ही रह जाते थे। उनका कहना था कि फोटो देखकर देखने वाले के मुंह से वाह न निकले, तो उस फोटो का कोई मतलब नहीं रह जाता। उन्हें उनके काम के लिए पदम श्री सम्मान मिला था। सम्मान मिलते समय पदम श्री और रघु राय एक-दूसरे के पर्याय लग रहे थे।



### फोटोग्राफी जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति

वरिष्ठ फोटो जर्नालिस्ट रोहित उमराव ने फोन पर कहा कि रघु राय का निधन फोटोग्राफी जगत की अपूर्णनीय क्षति है। रघु राय के चले जाने से अखबार का एक हिस्सा चला गया। कुंभ के समय उनके साथ काम करने का मौका मिला था। अन्ना हजारे के मूवमेंट के दौरान भी दिल्ली के रामलीला मैदान पर हमें उनका साथ मिला था। उनकी फोटोग्राफी में आम आदमी के हाव भाव, शहरों की रौनक, गलियों की हलचल साफ नजर आती थी। उन्होंने किसान और मछुआरों के बारे में अपनी तस्वीरों के माध्यम से लोगों को काफी कुछ बताया था। उनके द्वारा कैद किया हुआ समय आज उनकी तस्वीरों के माध्यम से ठहर सा गया है।



# अप्रैल ने तोड़े गर्मी के बैरियर, जैसा दिन वैसी रात

## वर्ष 2018 के बाद सबसे ज्यादा आग उगल रहा सूरज, आठ दिन से लगातार 40 के पार अटका तापमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अप्रैल में उम्मीद से ज्यादा गर्म हुए मौसम के मिजाज ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। जनपद में पिछले आठ दिन से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के उपर बना हुआ है। रविवार को चिलचिलाती धूप के कारण में मुश्किलें खड़ी हो गईं। दिन का अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री पहुंच गया। वर्ष 2018 के बाद से अप्रैल माह सर्वाधिक गर्म माना जा रहा है। रात में भी छह वर्ष की गमी का रिकॉर्ड टूट चुका है।

बीते आठ वर्ष की बात करें तो पहली बार अप्रैल माह में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा था। शुक्रवार को तापमान 41.2 डिग्री रहने पर जनजीवन प्रभावित दिखा। दोपहर के समय शहर की सड़के सूनी रहीं। बाजार में खरीदारों की संख्या भी काफी कम राही।

जो लोग बाजार में निकले उन्होंने भी लू से बचने के लिए चेहरे को कपड़े से ढ़का हुआ था। तापमान में वृद्धि की वजह से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल है। इंसान छोड़िए जानवर तक तेज धूप से बचने के लिए छांव तलाशते नजर आते हैं। मौसम के तीखे तेवर से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में खड़ी फसलों पर भी गर्मी की मार पड़ने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि आमतौर पर अप्रैल के महीने में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दो से तीन बार ही जाता है। लेकिन, इस बार आठ दिन से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना है।



धूप से बचने को सिर पर दुपट्टा डाले युवती। ● अमृत विचार



छाता ही है बहुत उपयोगी। ● अमृत विचार

### 28 अप्रैल के बाद गर्मी से मिलेगी कुछ राहत

मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में सक्रिय गर्म पछुआ हवाओं और प्रतिचक्रवात का प्रभाव जल्द कम होने वाला है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दस्तक देगा, जिसके असर से 28 अप्रैल से मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण 28 अप्रैल से गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। यह सिलसिला मई की शुरुआत तक जारी रह सकता है। इस बदलाव की वजह से तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है, जिससे लोगों को लू के थपेड़ों से कुछ हद तक निजात मिल जाएगी।

### हीट वेव को लेकर अलर्ट, बरतें सावधानी

बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने हीट वेव से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है। उनका कहना है कि शरीर में पानी की कमी न होने दे और घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू का पानी और छाछ का नियमित सेवन करें। चाय काफी और अधिक शंकरा युक्त ठंडे पेय से दूरी बनाने की सलाह दी है

## उफ! ये गर्मी



भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग हर तरह के उपाय कर रहे हैं। बोतल से पानी लेकर मुंह पर छींटे मारती युवती। ● फोटो : मोहित सिंह

# निकाली आक्रोश रैली, फूंका पुतला

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के टीबरी नाथ मंडल की मंडल अध्यक्षा शिखा मेहरोत्रा के नेतृत्व में रविवार को नारी आक्रोश रैली निकाली गई। यह रैली केंद्र सरकार के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति विपक्षी दलों के नकारात्मक और विरोधात्मक रवैये के विरोध में निकाली गई।

मुख्य अतिथि के रूप में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामगोपाल मिश्रा उपस्थित रहे। रैली शहीद पंकज चौक तक निकाली गई। रैली में पार्षद गरिमा कमांडो, शालिनी जौहरी सहित सैकड़ों महिलाओं ने नारी सम्मान और अधिकारों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। वक्ताओं ने कहा कि यह रैली महिला शक्ति के आत्मसम्मान और उनके राजनीतिक अधिकारों के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश है।



आक्रोश रैली निकालकर पुतला फूंकतीं भाजपा की कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में सैकड़ों मरीजों का किया उपचार



सिविल लाइंस स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते डा. अजमेर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● 18 लोगों की मलेरिया जांच, कई मरीजों को जिला अस्पताल में किया गया रेफर

**अमृत विचार:** शहर से लेकर देहात तक में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बदलते मौसम में बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या अधिक रही। कई मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। मरीजों की मलेरिया की भी जांच की गई।

रविवार को 81 केंद्रों पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 3500 से अधिक मरीज उपचार कराने के लिए पहुंचे। मेले में बुखार के साथ ही डायरिया के लक्षण वाले मरीजों की संख्या अधिक रही। मलेरिया और डेंगू के लक्षण वाले मरीजों की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। लोगों को संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान के प्रति जागरूक किया गया। डा. अजमेर सिंह ने शहर के कई स्वास्थ्य केंद्रों पर निरीक्षण किया।

# फिर आने के वादे के साथ नम आंखों से दरगाह को कहा अलविदा

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार:** दो रोजा उर्स ए ताजुश्शरिया के समापन के बाद अब जायरीन घर वापसी कर रहे हैं। देश-विदेश से लाखों अकीदतमंद और मशहूर उलमा उर्स में शिरकत करने पहुंचे थे। कुल शरीफ के बाद बड़ी संख्या में जायरीन दरगाह पर हाजिरी देकर सज्जादानशीन काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती असजद रजा कादरी (असजद मियां) से इजाज़त लेकर भावुक माहौल में रवाना हो रहे हैं।

उर्स प्रभारी सलमान हसन खान (सलमान मियां) ने बताया कि जायरीन नम आंखों के साथ इस उम्मीद में लौट रहे हैं कि अगले साल फिर उर्स में शामिल होंगे। जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया कि अभी कई मुरीद दरगाह और जामियातुर रजा में ठहरे हुए हैं, और अपनी सहूलियत के अनुसार रवाना होंगे।



दरगाह की गली में जायरीन की भीड़ । ● अमृत विचार

● उर्स के बाद दरगाह पर हाजिरी देकर जायरीन कर रहे वापसी

● सज्जादानशीन मुफ्ती असजद रजा कादरी से करा रहे दुआ

उर्स के अमन-ओ-सुकून के साथ सफल आयोजन पर जमात रजा ए मुस्तफा ने सभी वालंटियर्स, लंगर और सबील लगाने वालों के साथ-साथ शासन और एडीजी, कमिश्नर, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त समेत अन्य अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कमेटी की तरफ से धनतिया, फतेहगंज पूर्वी व पश्चिमी, बानखाना, कैंट, कान्धरपुर, आंवला, शाही, बहेड़ी, शीशगढ़, अलीगंज, बीसलपुर सहित कई क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं ने उर्स की व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उर्स के आयोजन में मोईन ख़ान, अब्दुल्ला रज़ा खान, डॉ. मेंहदी हसन, हाफिज इकराम, शमीम अहमद, समरान खान, मौलाना शम्स, कौसर अली, शाईबउद्दीन रज़वी, जुनैद रज़ा, रहबर रज़ा, अली रज़ा, शाहबाज खान, एडवोकेट राशिद खान, सुहेल खान, सलीम खान, आमिल रज़ा और नवेद आलम सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## सिटी डायरी

### आरएसएस के संपर्क प्रमुख रामलाल से मिले मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

**बरेली, अमृत विचार** : आरएसएस के जन संपर्क प्रमुख रामलाल से आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने मुलाकात करर अपनी किताब तारीख-ए-इस्लाम भेंट की। मौलाना ने बताया कि इस किताब में पैगंबर ए इस्लाम के जन्म से लेकर आजतक के इस्लामी आंदोलन को विस्तार से लिखा गया है। रामलाल ने किताब की प्रशंसा की। मुस्लिम जमात के प्रवक्ता डा. अनवर रजा कादरी ने बताया कि दोनों के बीच देश-प्रदेश के विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। अल्पसंख्यकों में शिक्षा को बढ़ावा देने, मानवता के लिए काम करने, देश की रक्षा और सुरक्षा को ध्यान में रखकर आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने पर मंथन हुआ।



### उर्स ए ताजुश्शरिया और होमगार्ड परीक्षा में सेवा दे रहे सिविल डिफेंस



**बरेली, अमृत विचार** : डिप्टी कंट्रोलर राकेश मिश्र के निर्देश एवं डिप्टी चीफ वॉर्डन रंजीत वशिष्ठ, एसीसी पंकज कुदेशिया और प्रमोद डागर के मार्गदर्शन में सिविल डिफेंस के सदस्य उर्स के अलावा होमगार्ड भर्ती परीक्षा में सेटेलाइट बस स्टैण्ड, नावल्टी चौराहा, चौपुला चौराहा, रेलवे जंक्शन, सिटी रेलवे स्टेशन और उर्स में मथुरापुर, किला चौकी, मलूकपुर चौकी, बिहारीपुर ढाल पर सेवाएं दे रहे है। सिविल लाइंस प्रभाग के प्रभागीय वार्डन दिनेश यादव, बारादरी प्रभाग के प्रभागीय वार्डन संजय पाठक, अलखनाथ प्रभाग के प्रभागीय वार्डन अंजय अग्रवाल के नेतृत्व में सिविल डिफेंस की डयूटी लगाई गई है। शिवलेश चन्द्र पांडे ने बताया कि होमगाड्र्स भर्ती परीक्षा में सभी वार्डेंस सुबह 6 बजे से डटे रहते हैं।

### आयुर्वेद वाणी भाषण प्रतियोगिता में जान्हवी सिंह प्रथम

**बरेली,अमृत विचार** : विश्व आयुर्वेद परिषद इकाई द्वारा रविवार को एमजेपीआर विश्वविद्यालय के पांचाल सभागार में आयुर्वेद वाणी भाषण प्रतियोगिता का मंडल स्तरीय द्वितीय चरण आयोजित किया गया। धनवंतरी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की छात्रा जान्हवी सिंह ने प्रथम, ललित हरि राजकीय आयुर्वेद कॉलेज, पीलीभीत की छात्रा स्नेहा ने द्वितीय, जबकि गंगाशील आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के छात्र रजत वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में प्रो. आरके तिवारी, प्रो. एमपी सिंह एवं प्रो. एसके साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रदेश सचिव डॉ. शांतुल गुप्ता, वीएपी बरेली के अध्यक्ष डॉ. धीरज शर्मा, सचिव डॉ. अनिमेष मोहन तथा संयोजक एवं कोषाध्यक्ष डॉ. विनीत शांडिल्य, डॉ. निकिता, डॉ. निधि आदि का विशेष योगदान रहा।




### हरि मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का कल से

**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टॉउन स्थित श्री हरि मंदिर में मंगलवार से श्री श्यामा श्याम रसिक परिवार की ओर से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। मंगलवार को रामायण मंदिर से सुबह 108 कलशों से यात्रा निकलेगी। कथा में भागवत माहत्म्य, व्यास-नारद संवाद, कुंती एवं भीष्म पितामह स्तुति, राजा बलि प्रंसग, रुक्मिणी मंगल महोत्सव, श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का श्रवण कराया जाएगा। इस दौरान अनिल गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, ऐके सिंह, श्याम कृष्ण गुप्ता, मनोज छिब्बर आदि मौजूद रहे।



## सशक्तिकरण

सीडीओ की पहल पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मास्क, एप्रन समेत अन्य सामान तैयार करेंगी

# सुई-धागे की कला से समृद्ध होगी आधी आबादी

● जल्द होगी स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक, पहले चरण में दस बेड वाले अस्पताल चयनित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** महिलाएं अब सुई-धागे से अपनी और अपने परिवार की तकदीर बुनेंगी। सीडीओ देवयानी ने राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को सीधे स्वास्थ्य विभाग की जरूरतों से जोड़ने का निर्णय लिया है। जिसके तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मास्क, एप्रन, बेड शीट और साफ-सफाई का सामान तैयार करेंगी। जल्द ही स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अधिकारियों के साथबैठक होगी।



बिथरी के तैयतपुर में पर्दे बनातीं मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं।

सीडीओ ने पहले चरण में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में छोटे अस्पतालों का चयन का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य यह है कि स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को एक निश्चित बाजार मिल सके। इससे न केवल अस्पतालों को कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण सामान मिलेगा, बल्कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगी। पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों तक विस्तार देने की योजना है।

### बाजार और दरें तय करने पर रहेगा जोर


सीडीओ देवयानी का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक का मुख्य उद्देश्य अस्पताल प्रबंधकों और समूहों के बीच समन्वय स्थापित करना है। जिसमें तय होगा कि महिलाओं द्वारा तैयार माल किस दर पर सप्लाई किया जाए, ताकि उन्हें उचित मुनाफा मिल सके। साथ ही, विचार-विमर्श होगा कि महिलाएं अस्पताल की जरूरतों के हिसाब से कौन से नए उत्पाद बना सकती हैं।



# शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने दिया शिक्षामंत्री को ज्ञापन

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली के शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने मांगों को लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा गुलाब देवी के चंदौसी स्थित आवास पर पहुंचकर आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में योग्य शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षक पद पर पदोन्नति देने, पुरानी पेंशन बहाली और सेवानिवृत्ति पर 300 दिनों के अवकाश नकदीकरण की मांग प्रउठाई गई। जिलाध्यक्ष संजीव पाल ने बताया कि राज्यमंत्री ने अपर शिक्षा सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा और शिक्षा निदेशक महेंद्र देव से वार्ता की। आलोक सिंह चौहान, संजीव सोलंकी, अवधेश मिश्र, बद्री विशाल त्रिपाठी, राजेश त्रिपाठी, छत्रपाल, प्रभात मिश्रा, अरुणा बाजपेई, अनिल कुमार, संजय कुमार, आलोक शर्मा, हरपाल सिंह, अनिल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।



82 .5 प्रतिशत

लक्ष्मी

हाईस्कूल, केवी जेएलए

## न्यूज ब्रीफ

### 60 ग्राम पंचायतों में तैयार हुई हाईटेक डिजिटल लाइब्रेरी

**बरेली, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र के होनहार युवाओं को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए शहरों की ओर रुख नहीं करना होगा। जिले की 60 ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि प्रत्येक लाइब्रेरी में 1.80 लाख रुपये मूल्य की किताबें उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें 90 हजार रुपये की पुस्तकें एनबीटी से और शेष अन्य प्रमुख प्रकाशकों से ली गई हैं। इनमें 20 हजार रुपये का डिजिटल कंटेंट भी जोड़ा जाएगा। डेस्कटॉप कंप्यूटर, एलईडी, मल्टी फंक्शन प्रिंटर, यूपीएस और वेबकैम जैसे आधुनिक उपकरण लगाए जा रहे हैं। यूपी डेस्को से मिलने वाले फर्नीचर का अभी इंतजार है, लेकिन स्थानीय स्तर पर खरीदे गए 70 हजार रुपये के फर्नीचर से 56 केंद्रों को सुसज्जित कर दिया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी के शुरू होने से सबसे बड़ा लाभ उन गरीब और मेधावी छात्रों को होगा, जो संसाधनों के अभाव में पीछे रह जाते थे।

### खराब खाने के आरोप पर स्कूल हॉस्टल में छात्रों का हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज क्षेत्र में स्थित एक स्कूल में छात्रों ने हॉस्टल में बदइंतजामी के आरोप लगातार हंगामा कर दिया। कई दर्जन नाराज छात्र हॉस्टल के बाहर जुट गए और धरना शुरू कर दिया। छात्रों ने आरोप लगाया कि हॉस्टल में भोजन की गुणवत्ता ठीक नहीं। शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। प्रबंधन का व्यवहार संतोषजनक नहीं है। कथित रूप से भेदभाव के आरोप भी छात्रों ने लगाए। सूचना पर थाना सीबीगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई और छात्रों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस का कहना है कि छात्र बात सुनकर हॉस्टल में वापस लौट गए हैं। स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

## वैभव फेलोशिप का लाभ ले रहे एमजेपीआरयू के छात्र-छात्राएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वैज्ञानिक के साथ सीख रहे आधुनिक तकनीक, शोध में मिल रहा अवसर

**अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय को मिली वैभव फेलोशिप का लाभ अब कृषि एवं प्रोद्योगिक संकाय विभाग के छात्र-छात्राएं उठा रहे हैं। इस पहल के जरिए विद्यार्थियों को वैज्ञानिकों के साथ सीधे जुड़कर आधुनिक शोध तकनीक सीखने का अवसर मिल रहा है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की इस योजना के अंतर्गत यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स के प्रो. ओम प्रकाश धनखड़ तीन साल तक प्रत्येक वर्ष दो माह विश्वविद्यालय परिसर में रहकर छात्रों को प्रशिक्षण और शोध कार्य में मार्गदर्शन देंगे। इससे बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर के छात्र वैश्विक स्तर की नई तकनीकों से रूबरू होगें। विश्वविद्यालय के कृषि एवं प्रोद्योगिक संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र कुमार के निर्देशन में कम आर्सेनिक और कम हैवी मेटल वाले चावल के विकास पर शोध कार्य चल रहा है। छात्र इस प्रोजेक्ट में सक्रिय भागीदारी कर प्रयोगात्मक ज्ञान हासिल कर रहे हैं, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह के नेतृत्व में शुरू किए गए कृषि पाठ्यक्रमों को इस उपलब्धि से नई दिशा मिली है। उनका का मानना है कि इससे न केवल छात्रों का कौशल विकसित हो रहा है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

## साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में स्टार्टअप कार्यशाला

**बरेली, अमृत विचार :** साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में शनिवार को इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में स्टार्टअप विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय केप्रोफेसर विकास लांबा ने छात्राओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्टार्टअप की चुनौतियों और अवसरों पर भी प्रकाश डाला। हरमिंदर कौर ने छात्राओं को उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय संसाधनों की जानकारी दी। उन्होंने व्यवसाय में बचत और निवेश के महत्व को समझाते हुए यह भी बताया कि किस प्रकार छोटे स्तर से शुरू किया गया कार्य भविष्य में बड़े उद्योग का रूप ले सकता है।

## 'पौलस्त्य' में रावण के अनकहे पहलू किए उजागर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक का किया गया मंचन



पौलस्त्य नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को डॉ. प्रभाकर गुप्ता लिखित कहानी एवं अश्वनी कुमार द्वारा नाट्य रूपांतरित 'पौलस्त्य' का मंचन हुआ। विनायक कुमार श्रीवास्तव निर्देशित इस नाटक में भारतीय पौराणिक कथाओं के जटिल और बहुपक्षीय पात्रों में से एक पौलस्त्य (रावण) के जीवन के अनदेखे आयामों को उजागर किया गया। रावण को शिवभक्त, विद्वान, राजनीतिज्ञ, संगीतज्ञ और धर्मशास्त्रों के ज्ञाता के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

नाटक का आरंभ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा अनरण्य और युवा रावण यानि दसग्रीव के द्वंद्व युद्ध से होता है। दसग्रीव अनरण्य को तो पराजित करता ही है साथ में उसके इक्ष्वाकु कुल का भी अपमान करता है। इससे नाराज अनरण्य दसग्रीव को शाप देता है कि हमारे कुल में पैदा वीर ही तुम्हारा अंत करेगा। कुछ समय बीतने के बात रावण को अनरण्य का शाप याद आता है कि राम कहीं उसी का हेतु बन कर तो नहीं आए हैं। दूसरी तरफ सागर में सेतु के लिए राम ने शिवलिंग स्थापित किया है। शिवलिंग की पूजा के लिए यं रावण को पुरोहित के रूप में आमंत्रित किया जाता है। रावण शत्रुता से ऊपर उठकर अपने ब्राह्मण धर्म का निर्वहन करता है। यह प्रसंग दर्शाता है कि धर्म और कर्तव्य, वैर से भी ऊपर हो सकते हैं। किन्तु ये पूजन बिना पत्नी के संभव नहीं हो सकता।

इसलिए रावण सीता को पूजन में ले आता है और यज्ञ के बाद उसको वापस लंका ले आता है, क्योंकि रावण को पता है कि नियति को पूर्ण करने के राम को युद्ध के लिए लंका आना ही होगा। रावण पुरोहित के रूप में राम को लंका विजय का भी आशीर्वाद देता है। राम से युद्ध में रावण मारा जाता है। इस दौरान रावण कहता है कि शत्रु हमेशा मित्र से श्रेष्ठ होना चाहिए, क्योंकि संसार हम सब का मूल्यांकन मित्र से नहीं शत्रु की ऊंचाई से करता है। वह कहता कि जीवन के रहस्यों को हमेशा गुप्त रखना क्योंकि उसके छोटे भाई विभीषण को उसकी मृत्यु का गूढ़ रहस्य मालूम था। वही उसकी मृत्यु का कारण बना। नाटक में रावण की भूमिका विनायक श्रीवास्तव और राम की भूमिका गौरव कार्की ने निभाई। लक्ष्मण के रूप में मानेश यादव और सीता के रूप में अदिति भारद्वाज नजर आए। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति , आदित्य मूर्ति , ऋचा मूर्ति , देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. रजनी अग्रवाल, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. शैलेश सक्सेना, डा. रीता शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवा वैज्ञानिकों के कंधों पर 2047 के भारत की जिम्मेदारी : रामलाल

### रुहेलखंड विवि में महानगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने की युवा वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता गोष्ठी

- प्रयोगशाला से निकलकर समाज और राष्ट्र के काम आएं शोध तभी उपयोगी : कुलपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली




संगोष्ठी में मौजूद अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल व अन्य लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में आयोजित युवा वैज्ञानिक एवं शोधकर्ता गोष्ठी में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सम्पर्क प्रमुख रामलाल ने कहा कि शोध और विज्ञान के बिना वैश्विक नेतृत्व का सपना अधूरा है। संघ के 100 वर्ष का सफर केवल उपलब्धियों का जश्न नहीं, बल्कि 2047 के विकसित भारत की नींव रखने का समय है। जब भारत का युवा वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर नवाचार की ओर कदम बढ़ाएगा, तभी देश दुनिया का मार्गदर्शन कर सकेगा।

संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. कृष्णपाल सिंह ने युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की चुनौतियों व संभावनाओं से रूबरू कराया। उन्होंने युवाओं को प्रेरणा दी कि शोध का असली मूल्य तब है, जब वह प्रयोगशाला से निकलकर समाज और राष्ट्र के काम आए। , आईवीआरआई के पूर्व निदेशक डॉ. राजकुमार सिंह ने युवाओं को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय का मंत्र दिया। विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र सचान ने संचालन किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ प्रचारक कृष्ण चंद, प्रांत प्रचारक धर्मेंद्र, प्रांत संघचालक शशांक भाटिया, महानगर संघचालक डॉ. सत्यपाल, विभाग प्रचारक कृष्णा, महानगर सह कार्यवाह आलोक समेत कई प्रमुख पदाधिकारियों उपस्थिति रहे। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में जुटे शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने आधुनिक विज्ञान के माध्यम से राष्ट्र सेवा करने की शपथ ली।

## पीडब्ल्यूडी में ठेके का रेट आधा तो कैसे बनेंगी बेहतर सड़कें

**बरेली, अमृत विचारः** पीडब्ल्यूडी में इन दिनों एक अजीब खेल चल रहा है। डामर और डीजल जैसी सामग्रियां महंगी हो गई हैं, दूसरी तरफ विभाग के ठेकेदार 35 से 50 प्रतिशत कम दरों पर सड़क बनाने का ठेका ले रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि जहां लागत निकालना भी मुश्किल है, वहां आधे बजट में पूरी सड़क बनाने का दावा किया जा रहा है। अधिकारी दलील देते हैं कि ठेकेदार अपनी मशीनों का खर्च निकालने के लिए घाटे में भी काम कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में यह घटिया निर्माण की ओर इशारा है। इस मामले में चीफ इंजीनियर अजय कुमार का कहना है कि इतनी कम दरों पर काम लिया जा रहा है, तो पूरी जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट चाहें जो भी हो, सड़क की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। मानकों की अनदेखी करने वाले कुछ बड़े ठेकेदारों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। यदि जांच में काम खराब मिला, तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्य परिषद की 31 सदस्यीय प्रांतीय टीम गठित



शपथ लेते अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुरेश बाबू अध्यक्ष, डॉ. शशि बाला प्रांतीय महामंत्री मनोनीत
- ब्रज प्रांत के 14 जनपदों के साहित्यकारों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रान्त की बैठक में प्रान्त के 14 जनपदों के साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। तीन वर्षों के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें बरेली के साहित्यकार डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा को फिर से प्रांतीय अध्यक्ष और डॉ. शशि बाला राठी को महामंत्री नियुक्त किया गया।

31 सदस्यीय इस टीम में विकास सारस्वत, डॉ. चन्द्र प्रकाश शर्मा, संतोष मिश्रा और निरुपमा अग्रवाल को संयुक्त महामंत्री सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया गया है। द्वितीय सत्र में ''राष्ट्र साधना के सौ वर्ष'' विषय पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डॉ. एसपी मौर्य ने की। कवि प्रो. अजित जैन की पंक्तियां प्राण भी उबार दें हम राष्ट्र हित के लिये और रामेन्द्र ब्रजबासी, गंगाराम पाल, डॉ. ब्रजेश शर्मा सहित अन्य साहित्यकारों की रचनाओं ने मुग्ध कर दिया। पत्रकार निर्भय सक्सेना ने आभार व्यक्त किया। प्रदीप शर्मा, यशपाल, विकास, मोहित, शैलेन्द्र का योगदान रहा।

## अवैध वेंडरों को आरपीएफ संरक्षण के आरोपों की विशेष टीम ने तेज की जांच

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- रेलवे मुख्यालय की टीम जंक्शन पर जांच के लिए पहुंची
- लाइसेंसधारी कई वेंडरों के दर्ज किए गए बयान

**अमृत विचारः** रेलवे मुख्यालय की एक विशेष टीम ने बरेली जंक्शन पर पहुंचकर अवैध वेंडरों के सिंडिकेट को आरपीएफ के कथित संरक्षण के आरोपों की जांच में जुट गई है। टीम ने रविवार को छानबीन जारी रखी और जंक्शन पर स्थित रेलवे के आवासों का निरीक्षण किया। शनिवार को भी लाइसेंसधारी वेंडरों और ठेकेदारों के बयान दर्ज किए गए थे। वेंडरों ने आरपीएफ पर अवैध वेंडरों को संरक्षण देने के गंभीर आरोप लगाए थे। कहा जा रहा है कि प्रारंभिक जांच में अनधिकृत वेंडर्स के जंक्शन पर सक्रिय रूप से कारोबार करने की बात सामने आई है। अनधिकृत वेंडर यात्रियों को घटिया गुणवत्ता का सामान बेचते हैं और रेलवे को राजस्व की क्षति पहुंचाते हैं। इसके पीछे पूरा सिंडीकेट काम कर रहा है, जिसके बारे में लगातार शिकायतें ऊपर पहुंच रही हैं। पड़ताल में रेलवे के दो कमरों पर अवैध वेंडरों का कब्जा भी मिला है, जिनको तत्काल खाली करा लिया गया। हरदोई पोस्ट के आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक कुमार को मामले की विस्तृत जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रक्तदान भी किया गया



रक्तदान शिविर में डॉ. अरुण कुमार व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** मानव सेवा क्लब और अजय प्रतिमा हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को प्रेम नगर सूद धर्मकांटा के पास चिकित्सा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

आईएमए. ब्लड बैंक के सहयोग से लगे रक्तदान शिविर का उदघाटन वन एवं पर्यावरण मंत्री डा. अरुण कुमार ने किया। स्वास्थ्य परीक्षण डा.अजय गुप्ता, डा. अतुल वर्मा, डा.एम.एम.अग्रवाल, डा. आरके गुप्ता, डा. वीपी भारद्वाज ने किया। आयुष निगम, पारस अरोरा, संजीव राठौर, गौरव सिंह, उरम पटेल, जितेंद्र सिंह, डा. नितिन गुप्ता, राज वीर, आशीष, राम सरन, प्रशांत गुप्ता सहित कई लोगों ने रक्तदान किया। डा. शरद अग्रवाल, सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, डा.जेपी सेठी, मुकेश सक्सेना का सहयोग रहा।

## मोनिका यादव बनीं लेफ्टीनेंट, परिवार में खुशी



माता-पिता के साथ मोनिका यादव।

**बरेली, अमृत विचारः** पीलीभीत बाईपास रोड़ स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी की मोनिका यादव ने सेना में लेफ्टीनेंट बन परिवार को नाम रोशन किया। मोनिका यादव ने 15 दिसंबर 2021 को सेना में कमीशन प्राप्त किया था। 4 साल की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर 23 अप्रैल 2026 को पद की शपथ ग्रहण की। मोनिका अपने बैच की पासिंग आउट परेड में कमांडर भी रहीं। मोनिका अब आर्मी अस्पताल में सेवा देगी। कैंट स्थित केवी जेआरसी-1 में दसवीं, बारहवीं और बरेली कॉलेज से बीएससी की शिक्षा प्राप्त की। वह आठवीं बटालियन एनसीसी में भी रहीं। मोनिका के पिता खुशीराम यादव भी सेना में अधिकारी से सेवानिर्वरत हैं। छोटी बहन को भी सेना में कमीशन प्राप्त होने वाला है। उनके परिवार में माता विद्या देवी, बहनें प्रियंका यादव, रिचा यादव और शशि यादव हैं।

## सिटी डायरी

### एमयूएन में डीपीएस और चिक्कर स्कूल का दबदबा



**बरेली, अमृत विचार :** तथ्य फाउंडेशन की ओर से माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) का रविवार को समापन हुआ। प्रतिभागियों ने अपनी कूटनीति और तर्कशक्ति से वैश्विक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। डीपीएस रुद्रपुर के काव्यांश चंदोला, डीपीएस बरेली की अन्वी श्रीवास्तव व वेदांशी पाहवा ने बेस्ट डेलीगेट का खिताब जीता। जीआरएम के सृजन अग्रवाल, डीपीएस के मानविक गुप्ता, माधवराव सिंधिया स्कूल के सुमित भट्ट, विवान कन्नौजिया, देव अग्रवाल व त्रिशा भटनागर, हार्टमैन की विदिता पसरीचा, आर्मी स्कूल के शुभ भाटिया व वंशिका पोखरिया और राधा माधव स्कूल के कवि पटेल को विशेष सराहना मिली। चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल की ऐशा त्यागी, राहेमा सिद्दीकी और वान्या गंगवार ने भी बाजी मारी। चिक्कर इंटरनेशनल स्कूल को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय चुना गया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### पर्वतीय समाज का वार्षिक अधिवेशन में एकजुटता पर जोर



**बरेली, अमृत विचार :** पर्वतीय समाज बरेली द्वारा वार्षिक अधिवेशन नेहरू युवा केंद्र में हुआ। अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दियोंलिया और महासचिव डॉ .नरेंद्र सिंह बिष्ट ने संबोधित किया। सदस्यों ने समाज की भलाई के लिए सुझाव भी दिए। अधिवेशन में संरक्षक गिरीश चन्द्र पाण्डेय, कैप्टन मोहन सिंह बिष्ट, सूबेदार जीत सिंह बोहरा, उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट, सलाहकार कुंवर सिंह बिष्ट, वरिष्ठ सचिव चन्द्र प्रकाश जोशी ,मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत, कोषाध्यक्ष इन्द्र सिंह बिष्ट, सह कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह बिष्ट, सांस्कृतिक प्रभारी पूरन सिंह दानू, सोमा परिहार,तारा जोशी,बालम सिंह मेहरा,आनंद सिंह मेहता,दीपक धोनी,मदन सिंह बिष्ट,दिव्या नैलवाल,बरखा तिवारी, भुवन पांडे, प्रभात गैरोला, पुष्कर सिंह बोहरा,अतुल डालाकोट आदि उपस्थित रहे।

### संत गौरदास महाराज ने सुनाई कृष्ण भक्ति की महिमा



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम के सत्संग भवन में रविवार से वृंदावन से पधारे संत गौरदास महाराज ने श्रद्धालुओं को श्री भक्तमाल कथा का रसपान कराया। उन्होंने श्रीकृष्ण और राधा के दिव्य प्रेम प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान भी अपने भक्त के विरह भाव को अनुभव करना चाहते हैं। उन्होंने श्री चैतन्य महाप्रभु के अवतार का संदर्भ देते हुए कहा कि भक्त और भगवान के बीच का यह प्रेम ही सच्चे आनंद की अनुभूति कराता है। साथ ही श्री रूप गोस्वामी के त्याग और वृंदावन के तीर्थ स्थलों की खोज में उनके योगदान को भी विस्तार से बताया। उन्होंने भजन भाई तेरे पांव पड़ूं, एक बार हरि बोल, जय राधा माधव और राधे-गोविंद प्रस्तुत किए। आनंद आश्रम प्रबंध समिति के मंत्री अनिल अग्रवाल, अध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मंत्री अनिल अग्रवाल, नर सिंह मोदी, अनिल गुप्ता, दीपेश खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल, वीके सक्सेना, निशा अग्रवाल, मनु गर्ग, विद्या, मनीषा आदि उपस्थित रहे।

### महिला ने एक साथ तीन बेटों को दिया जन्म, सभी स्वस्थ



**बिथरी चैनपुर , अमृत विचार :** डोहरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को महिला ने एक साथ तीन स्वस्थ बेटों को जन्म दिया। शाहजहांपुर के बाईसारी गांव की रहने वाली रीता को रविवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर उनके परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। एक साथ तीन पुत्रों के जन्म की खबर मिलते ही परिवार में जश्न का माहौल है। अस्पताल संचालक और डॉक्टरों की टीम ने बताया कि प्रसव के दौरान कोई जटिलता नहीं आई और मां सहित तीनों नवजात बच्चे स्वस्थ हैं। बच्चों के पिता ब्रजेश ने इस अद्भुत पल को अपने जीवन की सबसे बड़ी खुशी बताया।

## तेज आवाज में बज रहे डीजे को पुलिस ने कराया बंद

संवाददाता,नवाबगंज

**अमृत विचारः** पंजाबी कॉलोनी स्थित एक बारात घर में तेज आवाज में बज रहे डीजे से परेशान लोगों को शनिवार देर रात राहत मिली, जब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे बंद करा दिया।

बताया जाता है कि घनी आबादी के बीच बने इस बारात घर में अक्सर शादी समारोह के दौरान तेज ध्वनि में डीजे बजाया जाता है। शनिवार रात भी एक शादी समारोह में आधी रात तक तेज आवाज में डीजे बजता रहा, जिससे आसपास रहने वाले लोगों की नींद प्रभावित हो गई। खासकर बस्ती में रहने वाले बुजुर्ग और हार्ट मरीजों को इससे काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों के अनुसार, तेज आवाज के कारण कई दिनों से परेशानी बनी हुई थी, लेकिन शनिवार की रात स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई। इस पर विहिप नेता जितेन्द्र चड्ढा उर्फ जीतू ने कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव से शिकायत की। शिकायत मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और तेज ध्वनि में बज रहे डीजे को बंद करा दिया।

बारात घर के ठेकेदार चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि उनकी ओर से बारातियों को रात 10 बजे के बाद धीमी आवाज में डीजे बजाने के निर्देश दिए जाते हैं, लेकिन कई बार लोग नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी करते हैं,।

## क्रिकेट फाइनल में भिड़ेंगे युवा सुपर जायंटस व एनर्जेटिक पावर हिटर्स

संवाददाता फरीदपुर



खुश होते विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मिनी एपीएल फरीदपुर 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट के रविवार को हुए सेमीफाइनल मैच में युवा सुपर जायंटस और एनर्जेटिक पावर हिटर्स ने अपने प्रतिद्वन्दी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब तीन मई को फाइनल में दोनों टीमें भिड़ेगी।

रविवार को फ्यूचर ग्राउंड पर हुए पहले सेमीफाइनल मैच युवा सुपर जायंट्स बनाम लीगल चैलेंजर्स फरीदपुर के बीच हुआ। इसमें जायंट्स ने पहले खेलकर 152 रन बनाए व मैच को 32 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ़ द मैच उवैस रहे । दूसरा सेमीफाइनल एनर्जेटिक पावर हिटर्स बनाम सुल्तान लीगल राइडर्स के मध्य हुआ। इसमें एनर्जेटिक पावर हिटर्स ने 166 रन का लक्ष्य सुल्तान की टीम को दिया। इस मैच को एनर्जेटिक पावर हिटर्स ने 30 रन से जीता। मैन ऑफ द मैच अरविन्द यादव रहे जिन्होंने 103 रन बनाकर दो विकेट लिए । मैच में मिनी एपीएल फरीदपुर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह भदौरिया सचिव बृजेश यादव बरेली एडवोकेट बार एसोसिएशन के सचिव गौरव राठौर आईपीएल कमेटी के अंतरिक्ष सक्सेना, अमित कुमार सिंह, प्रदीप यादव मौजूद रहे। मिनी एपीएल फरीदपुर 2026 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ 29 मार्च को फ्यूचर यूनिवर्सिटी ग्राउंड पर न्यायधीश शिखर अग्रवाल ने किया था।